**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1611**
**01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वेल्लोर के लिए मेट्रो रेल परियोजना**

**1611. श्री डी. एम. कथीर आनंदः**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार की वेल्लोर में मेट्रो रेल परियोजना शुरू करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ख) उक्त परियोजना में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने चेन्नई मेट्रो रेल चरणII परियोजना के लिए 63,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं तथा अभी तक उक्त परियोजना के क्रियान्वयन के लिए कोई निधि जारी नहीं की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) और (ख) शहरी परिवहन, जो शहरी विकास का एक अभिन्न अंग है, राज्य का विषय है। इसलिए, मेट्रो रेल परियोजनाओं सहित शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे को शुरू करने और विकसित करने के लिए संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) जिम्मेदार है। केंद्र सरकार संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर, प्रस्ताव की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शहरों या शहरी समूहों में ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करती है। तमिलनाडु सरकार ने वेल्लोर में मेट्रो रेल परियोजना के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

(ग) और (घ) तमिलनाडु सरकार ने 63,246 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर 118.9 किलोमीटर लंबी चेन्नई मेट्रो चरण-2 परियोजना का प्रस्ताव किया है। ऐसी अत्यधिक लागत वाली परियोजनाओं का अनुमोदन परियोजना की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। वर्तमान में, चेन्नई मेट्रो चरण 2 परियोजना को राज्य क्षेत्र की परियोजना के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है और इसके कार्यान्वयन पर होने वाला व्यय वर्तमान में तमिलनाडु सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

*****